रमजान

## जबलपुर की मस्जिदों और नमाज़गाहों में जुटे हजारों मुस्लिम

# रमजान के दूसरे जुमा पर अदा हुई नमाज



**दसवां रोजा आज**
**रोजा अफ्तार, 6 :19 बजे**
**सहरी सुबह, 5 :04 बजे**

**नवभारत,जबलपुर।** पवित्र रमज़ान माह के दूसरे जुमा के मौके पर शहर और उपनगर की 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में मुस्लिम बंधुओं ने विशेष नमाज़ अदा की। मस्जिदों के बाहर तक नमाज़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं। नमाज़ से पहले इमाम साहब ने जुमा का खुत्बा पढ़ा। नमाज़ के बाद शहर और मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस दौरान आगे की कतारों में बुजुर्ग और पीछे बच्चों ने नमाज़ अदा की।

### मुख्य मस्जिदों में बड़ी उपस्थिति

मंडी मदार टेकरी स्थित जामा मस्जिद जमीअतुल कुरेश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, मस्जिद हनफिया बहोराबाग, हमजा मस्जिद अजीजगंज, मदीना मस्जिद गोहलपुर, सुलेमानी मस्जिद चांदनी चौक सहित सदर, रामपुर, गोरखपुर और गढ़ा क्षेत्रों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शरीक होकर रमज़ान का पुण्य समय मनाया। शिया मुस्लिमों ने फूटाताल स्थित जामा मस्जिद जाकिर अली में भी जुमा की नमाज़ अदा की।

### खास आयोजनों में महिलाओं और रोजेदारों की भागीदारी

मदन महल दरगाह के सज्जादा नशीन सूफी मुबारक कादरी के निवास पर महिलाओं के लिए विशेष रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसमें शिरकत की। इसके अलावा गौरी घाट रोड, बादशाह हलवाई मोड़ स्थित हज़रत जलालुद्दीन बाबली वाले बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में अफ्तार-ए-आम का आयोजन सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में रखा गया।

## दो दिवसीय प्रदर्शनी सह-व्यापार मेला का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** एमएसएमई विकास कार्यालय, इंदौर ने 27-28 फरवरी 2026 को जबलपुर में 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के तहत दो दिवसीय प्रदर्शनी सह-व्यापार मेला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य मध्यप्रदेश के विश्वकर्मा कारीगरों और शिल्पकारों को अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस प्रदर्शनी में पारंपरिक शिल्प, हस्तकला, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिसमें हस्तनिर्मित टोकरी, पारंपरिक जूते, लकड़ी के खिलौने, धातु और मिट्टी शिल्प जैसे विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में विनीत रजक, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने स्वागत उद्बोधन दिया और पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की जानकारी दी। नीरज अरोड़ा, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, इंदौर ने योजना के व्यापक दायरे और कारीगरों को प्रदान किए जाने वाले समर्थन के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. अर्पित शुक्ला, प्राचार्य, आईटीआई जबलपुर; डॉ. विनम्र नायक, एसोसिएट प्रोफेसर, शासकीय गर्ल्स कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर; और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में बैंकिंग सेवाओं, ई-कॉमर्स, और वित्तीय समावेशन पर तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए।



# 2 मार्च को होगा होलिका दहन, तिथियों को लेकर बना भ्रम दूर

**नवभारत,जबलपुर।** रंगो का त्योहार होली की तिथियों को लेकर चंद्र ग्रहण के कारण जो भ्रम की स्थिति बनी हुई थी, वह अब पूरी तरह साफ हो गई है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार प्रदोषकाल-व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा 2 मार्च, सोमवार को पड़ रही है, इसलिए इसी दिन होलिका दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण लगेगा और 4 मार्च, बुधवार को रंगों वाली होली (धुलेंडी) मनाई जाएगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस विशेष संयोग को लेकर श्रद्धालुओं में खास उत्साह है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की प्रदोषकाल में किया जाता है। चूंकि 3 मार्च को पूर्णिमा शाम तक ही रहेगी और उसी दिन चंद्र ग्रहण भी है, इसलिए 2 मार्च को ही होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत माना गया है।

**होलिका दहन का समय**
**पूर्णिमा तिथि प्रारंभ : 2 मार्च, शाम 5 :55 बजे**
**पूर्णिमा तिथि समाप्त : 3 मार्च, शाम 5 :07 बजे**

### रखना होगा विशेष ध्यान

2 मार्च को भद्रा काल शाम 5:58 बजे से शुरू होकर 3 मार्च सुबह 5:30 बजे तक रहेगा।भद्रा मध्यरात्रि 2:38 बजे से 4:34 बजे तक रहेगा। ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार होलिका दहन भद्रा काल में नहीं किया जाता, इसलिए इसे भद्रा शुरू होने से पहले करना शुभ रहेगा। वही 4 मार्च, बुधवार को चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर रंगों वाली होली खेली जाएगी। इस दिन लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हैं और भाईचारे का संदेश देते हैं। होली का यह पर्व भक्त प्रह्लाद की आस्था और बुराई के अंत का प्रतीक है, जो हर वर्ष समाज को सत्य और धर्म की राह पर चलने का संदेश देता है।

# राष्ट्रसेवा व संगठन के गौरवशाली इतिहास का सजीव चित्रण है 'शतक' फिल्म

**आरएसएस के 100 वर्षों के इतिहास पर आधारित रही फ़िल्म**



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' देखने का अवसर हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला। 'शतक' केवल एक फ़िल्म नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा, संस्कार और संगठन की उस गौरवशाली इतिहास का सजीव चित्रण है जिसने पिछले 100 वर्षों में समाज और राष्ट्र जीवन को नई दिशा दी है, यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्षों के इतिहास पर आधारित फ़िल्म 'शतक' देखने के बाद कही। भाजपा जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओ ने जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, संदीप जैन, पंकज दुबे, रंजीत पटेल के साथ को समदड़िया मल्टीप्लेक्स में सामूहिक रूप से शतक' फ़िल्म देखी। फ़िल्म के अंत में सभी ने राष्ट्र गीत 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गान किया।

इस दौरान सांसद आशीष दुबे ने ने कहा डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के तप और दूरदर्शी विचार से प्रारंभ हुई इस यात्रा को माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर ने नई दिशा और संगठनात्मक शक्ति प्रदान की। इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, रजनीश यादव, शंकर श्रीवास्तव, प्रणीत वर्मा, तृष्णा चटर्जी, मनीष जैन कल्लू, कौशल सूरी, संकल्प पाठक, अशोक रोहितास, विभा उपाध्याय, विवेक अग्रवाल, रूपा राव, कुसुम चौबे, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा, राहुल दुबे, कमलेश नामदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फ़िल्म देखी।

## सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर 2 मार्च को

**नवभारत,जबलपुर।** दिव्यांगों और वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन 2 मार्च को आयोजित किया गया है। समग्र सुरक्षा अधिकारी तरूणा निपसैया एवं योजना प्रभारी इन्द्रकुमार वर्मा ने बताया कि 2 मार्च 2026 को घंटाघर स्थित गीता भवन में दिव्यांगजनो (40 प्रतिशत से अधिक) एवं वृद्धजनों (60 वर्ष या उससे अधिक) हेतु सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन सुबह 10 :00 बजे से किया गया है, जिन भी दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण की आवश्यकता है, शिविर में उपस्थित होकर अपना चिन्हांकन अनिवार्य रूप कराएँ। इसके लिए दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों को शिविर में अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जिसमें समग्र आई.डी., आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड (यदि उपलब्ध हो), आय प्रमाण-पत्र (यदि उपलब्ध हो), दिव्यांग प्रमाण-पत्र, पेंशन स्वीकृति आदेश आदि लाना होगा।

# नानाजी देशमुख का जीवन समर्पण, सेवा और आदर्शों का प्रतीक था : कुलपति



**वीयू में मनाई भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि**

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में महान समाजसेवी, चिंतक एवं राष्ट्रनिर्माता नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो मनदीप शर्मा ने कहा कि नानाजी देशमुख का जीवन समर्पण, सेवा और ग्रामोदय के आदर्शों का प्रतीक था। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का संकल्प लिया। उनका मानना था कि ग्राम विकास ही राष्ट्र विकास का आधार है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एस एस तोमर, डॉ मधु स्वामी, डॉ जी पी लखानी, डॉ आर बी सिंह, डॉ एस घोष, डॉ एस कारमोरे, डॉ एस के महाजन, डॉ माधुरी शर्मा, डॉ सोना दुबे,डॉ एस के त्रिपाठी , डॉ देवेंद्र पोद्दारे, निधि भलावी, डॉ आर पी सिंह,सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामकिंकर मिश्रा द्वारा किया गया।

### वीयू में नवीन आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा अपनी नवीन आधिकारिक वेबसाइट का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस वेबसाइट का उद्घाटन कुलपति प्रो मनदीप शर्मा द्वारा किया गया। नई वेबसाइट का उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों को डिजिटल माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है। वेबसाइट पर संस्थान की विभिन्न विभागीय जानकारियाँ, पाठ्यक्रम विवरण, शोध गतिविधियाँ, प्रकाशन, समाचार एवं आगामी कार्यक्रमों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। यह पहल संस्थान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करेगी।

## एक नजर में




### जबलपुर मंडल के 15 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में आज 28 फरवरी को कुल 15 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिसके चलते मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर मे शुक्रवार को सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के द्वारा रेल सेवा से इस माह सेवानिवृत्त हो रहे समस्त रेलकर्मियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज प्रदान किये गये। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में राकेश कुमार, बृजभूषण सिंह ठाकुर, राधेश्याम सिंह, अजय कुमार, रामजी राम सहित सभी रेलकर्मियों को उनकी सेवा निवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाएँ दी गई। इस माह सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से मंडल रेल प्रशासन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी वरूण चतुर्वेदी, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) शची पति नंदन एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक के. पी. सिंह के साथ कार्मिक एवं लेखा विभाग के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### मुंबई में नि :शुल्क की जाएगी 36 बच्चों की सर्जरी

**नवभारत,जबलपुर।** नारायणा हृदयालय मुम्बई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुप्रतीम सेन , कोऑर्डिनेटर डी देशमुख और अमित केलकर द्वारा नि :शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन शुक्रवार को क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केन्द्र परिसर, इंदिरा मार्केट जबलपुर में किया गया। जिसमें जन्म से 18 वर्ष तक के हृदय रोग से पीड़ित 117 बच्चों की नि :शुल्क ईको जांच मुम्बई के हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा की गयी ,इनमें से 36 बच्चे गंभीर हृदय रोग से ग्रसित पाए गए जिन्हें सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। अब उनकी सर्जरी नारायण हृदयालय मुंबई में नि :शुल्क की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने शिविर में पहुंचकर चल रही जाँच का मुआयना किया व बच्चों की माता से , चिकित्सकों से बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। शिविर में जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, डीपीएम आदित्य तिवारी, डीईआईएम सुभाष शुक्ला, रविशंकर कोष्टा, विकास श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव सहित आरबीएसके का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।



### पूर्व क्षेत्र कंपनी के चार कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से अधिकारी-कर्मचारी आज 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे है। जिसमें मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय कार्यपालन अभियंता (क्षेत्रीय भंडार) छतरपुर में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ शैलेश श्रीवास्तव 41 वर्ष 01 माह की सेवा के उपरांत, कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) जबलपुर में कनिष्ठ शीघ्रलेखक के पद पर पदस्थ सतीश कुमार पाठक 35 वर्ष 03 माह की सेवा के उपरांत, कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (भंडार एवं क्रय) जबलपुर में वरिष्ठ शीघ्रलेखक के पद पर पदस्थ अयाज अहमद 41 वर्ष 08 माह की सेवा के उपरांत, कार्यालय ईईक्यूए लैब, जबलपुर में परीक्षण पर्यवेक्षक ग्रेड - दो के पद पर पदस्थ हरि सिंह मरावी 36 वर्ष 04 माह की सेवा के उपरांत आज सभी 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे है ।

# 101 कलाकार देंगे शानदार प्रस्तुतियां



**हनुमान जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम**

**नवभारत, जबलपुर ।** हनुमान जन्मोत्सव पर आचार्य पं. धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि 02 अप्रैल गुरुवार को चैत्र पूर्णिमा पर विश्वस्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय तीन दिवसीय आयोजन शहर के हृदय स्थल स्वयंसिद्ध श्री हनुमान मंदिर में किया जाएगा। सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में मध्य भारत के अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व्यातिप्राप्त 101 कलाकारों की शानदार भजनों का अनुपम प्रस्तुतियाँ एवं असंख्य कन्याओं का कन्यापूजन 24 घंटे विशाल भंडारा एवं नि:शुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर नि:शुल्क दवाई वितरण सभी जाँचे एवं चश्मा वितरण हनुमान मंदिर के संचालक पं. आचार्य धर्मेन्द्र दुबे द्वारा आयोजित कराया जाएगा। पं. श्री दुबे ने बताया कि इन तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों विभित्र प्रकार के सास्कृतिक आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो कि मध्यप्रदेश एवं मध्य भारत का सबसे बडा आयोजन है ये 51 घंटे लगभग बिना रुके चलेगा आयोजक और संयोजक आचार्य पं. दबे ने आगे बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रमों का शुभारंभ श्री हनुमान स्वामी के आराध्य स्वामी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन पर्व से की जा रही है। श्रीराम नवमीं में 27 मार्च दिन शुक्रवार को 11:30 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म पूजन, हवन, अभिषेक आदि प्रभु का पूर्ण श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण भंडारा आदि होगा।



## प्रियंक बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवभारत, जबलपुर।** सारथी विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा द्वारा जबलपुर निवासी प्रियंक विश्वकर्मा को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्त तत्काल प्रभाव से लागू होगी जो अग्रिम आदेश तक जारी रहेगी, इस नियुक्ति पर संगठन द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पूर्व क्षेत्र कंपनी के तीन कर्मचारी होंगे सम्मानित

**दिल्ली में 7 मार्च को लाइनमैन दिवस समारोह में दिया जायेगा सम्मान**



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी के तीन अनुभवी एवं समर्पित लाइनमैन का चयन इस वर्ष 7 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले लाइनमैन दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने हेतु किया गया है। कंपनी के लिए यह गौरव का विषय है कि उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के आधार पर दशरथ पाण्डेय, सुरेश कुमार पटेल एवं दउआ सिंह को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में छठवें लाइनमैन दिवस समारोह में सम-?मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है । दशरथ पाण्डेय (सेवा अवधि - 37 वर्ष), वर्तमान में ओ एंड द्दह्व (सिटी) संभाग, कटनी में पदस्थ हैं । इन्होंने 33 के.वी., 11 के.वी. एवं एल.टी. लाइनों तथा ट्रांसफॉर्मरों के रखरखाव, उपकरणों के संधारण एवं उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निराकरण के माध्यम से अपने क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की है। वर्षा ऋतु में आए तूफानों के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित सुधार कार्य कर विद्युत आपूर्ति को शीघ्र सुचारु कराया। वे नए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं । सुरेश कुमार पटेल (सेवा अवधि - 29 वर्ष), ओ एंड एम संभाग, सीधी में पदस्थ हैं। वे लाइन संधारण, उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण, राजस्व संग्रहण तथा आपदा की परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित कार्य निष्पादन के लिए जाने जाते हैं। तकनीकी दक्षता, गुणवत्ता पूर्ण कार्य एवं सुरक्षा मानकों के पालन में उनकी विशेष पहचान है। दउआ सिंह (सेवा अवधि - 30 वर्ष) बुढ़ार उपसंभाग अंतर्गत आठ 33 के.वी. लाइनों का संधारण करते हैं। उनके कार्यक्षेत्र में कोल इंडिया की लाइनें भी शामिल हैं, जिनका समय पर रखरखाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेलवे क्रॉसिंग पर स्थित भूमिगत केबलों के फॉल्ट का त्वरित निराकरण कर उन्होंने कई बार विद्युत आपूर्ति बहाल की है । तीनों कर्मचारियों ने कर्तव्यनिष्ठा, उत्तरदायित्व एवं साहस का परिचय देते हुए विषम परिस्थितियों में भी विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । उनकी सक्षम एवं दक्ष सेवाओं के लिये पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता एवं मुख्य महाप्रबंधक (मानव संशाधन एवं प्रशासन) संपदा सराफ गुर्जर ने शुभकामनायें दी हैं ।

सम्मेलन

## रादुविवि में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का द्वितीय दिवस

# जलवायु परिवर्तन से निपटने लचीली कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन के द्वितीय दिवस जलवायु परिवर्तन और लचीली कृषि प्रणालियों पर विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विचार रखे। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीलंका की ईस्टर्न यूनिवर्सिटी की प्रो. चंद्रकांता महेंद्रनाथन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए जीनोम संपादन, सूक्ष्मजीव-आधारित उर्वरक और नैनो-सेंसर तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि तापमान, वर्षा और वायुमंडलीय सीओ2 स्तर में बदलाव से पौधों और रोगजनकों की जैविकी प्रभावित होती है, जिससे फसलों में रोगों की व्यापकता बढ़ सकती है। ऐसे में रोग प्रबंधन रणनीतियों में जलवायु परिवर्तन संबंधी पहलुओं को शामिल करना अनिवार्य है।

मध्यप्रदेश शासन एवं पीएम-ऊषा परियोजना के सहयोग से क्रिस्प भोपाल के प्रबंधन में आयोजित इस सम्मेलन में अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मार्यालैंड से डॉ. हेम दत्त शुक्ला ने ऑनलाइन व्याख्यान दिया। नेपाल से एसोसिएशन ऑफ फंगल बायोलॉजिस्ट के अध्यक्ष डॉ. नवीन नारायण मुनंकर्मी ने हिमालयी पारंपरिक औषधियों पर प्रकाश डाला। स्कॉटलैंड के यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो के जेम्स वाट स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग से डॉ. अंकित दीक्षित ने डीप नैनो तकनीक पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में प्रो. एस.एन. बागची, प्रो. एस.पी. गौतम, डॉ. सुनील के. देशमुख, प्रो. मृदुला दुबे, डॉ. राम पाल पांडे, प्रो. डी.पी. शुक्ला और डॉ. अंजलि श्रीवास्तव सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए।

### राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिकों की भागीदारी

सम्मेलन संयोजक प्रो. राकेश बाजपेयी ने बताया कि कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन और प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन में प्रो. एस.एस. संधू, प्रो. पी.के. खरे, प्रो. जे.के. मैत्रा सहित आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# 14 साल की लड़कियों को आज से लगेगी मुफ्त एचपीवी वैक्सीन

**सर्वाइकल कैंसर को रोकने शुरू किया जा रहा है वैक्सीनेशन**

**नवभारत,जबलपुर।** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रही है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान 3 चरणों में चलाया जाएगा। 28 फरवरी से अगले 3 माह के लिए प्रथम चरण शुरू हो रहा है जिसमें 14 से 15 वर्ष की आयु वाली बच्चियों को एचपीवी का टीका लगाया जाएगा। इसके बाद विभिन्न चरणों में 9-14 वर्ष की आयु की लड़कियां शामिल होंगी। केंद्र ने 2 खुराक की जगह एक खुराक वाली टीकाकरण प्रणाली को अपनाने का फैसला किया है। टीकाकरण अभियान पूरी तरह मुफ्त होगा, जबलपुर जिले में कल कुल 13 सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं पर दोपहर 12 से 2:00 बजे तक टीकाकरण होगा। जिले में टीकाकरण अभियान के पहले 90 दिनों के दौरान, जन्म तिथि के अनुसार 14 से 15 वर्ष की आयु की 29499 बच्चियों को टीका लगाया जाना है । 14 वर्ष की आयु की लड़कियां यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कर अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर टीके के लिए स्लॉट बुक कर सकतीं हैं। टीकाकरण प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसी कोरोना महामारी के दौरान को-विन का उपयोग करके टीकाकरण के लिए अपनाई गई थी।

### इन केंद्रों में लगेंगे टीके

सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय, रानी दुर्गावती एल्गिन अस्पताल, सिविल अस्पताल राँझी, मेडिकल कॉलेज, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर, मोतीनाला प्रसूतिका गृह, तथा ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरगी, पनागर, शहपुरा, कुंडम, सिहोरा, पाटन और मझौली ।